प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 11.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान जारी है। दोपहर एक बजे तक 54.08 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। विभिन्न बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई है। अब हम सीधे चलते हैं घाटशिला, जहां हमारे संवाददाता मौजूद हैं। कुणाल मतदान को लेकर कैसा उत्साह दिख रहा है।

****

झारखण्ड अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहा है। इसको लेकर राज्य भर में आज रन फॉर झारखंड का आयोजन किया गया। रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर झारखंड के साथ–साथ झारखंड रजत जयंती कार्यक्रमों की शुरुआत की।

राज्य के सभी जिलों में रन फॉर झारखंड का आयोजन किया गया। गढ़वा जिले में 'रन फॉर झारखंड' कार्यक्रम की शुरुआत बिरसा मुंडा उद्यान से उपायुक्त दिनेश यादव और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर की। कार्यक्रम में पुलिस जवानों, विद्यार्थियों, सरकारी कर्मियों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इधर चतरा में भी झारखंड स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर रन फॉर झारखंड कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

****

झारखंड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची से 25 प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मीडिया प्रतिनिधि और कई अधिकारी मौजूद रहे।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राजभवन में मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उन्हें 15 नवंबर को मोरहाबादी में आयोजित होने वाले राज्य स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने झारखंड विधानसभा द्वारा पारित "सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (विशेष छूट) विधेयक, 2025" को मंजूरी देने पर उनका आभार व्यक्त किया।

****

साहिबगंज जिले में खाद, बीज, कीटनाशक दवाओं के अधिकृत विक्रेता बनने के लिए किसानों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

हजारीबाग पुलिस ने डॉक्टर गुलाम रब्बानी से रंगदारी मांगने और उनके वाहन पर गोली चलाने के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से देशी पिस्टल और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

****

झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम का मिजाज बदलने लगा है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार 16 नवंबर तक राज्य के अधिकतर जिलों में सुबह के समय कोहरा या धुंध छाया रहेगा जबकि दिन में आसमान पूरी तरह साफ रहेगा।

****